प्रीलिम्स फैक्ट्स: 23 मार्च, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-23-03-2019

साइक्लोन ट्रेवर और वेरोनिका
(Cyclone Trevor & Veronica)

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में आए ट्रेवर और वेरोनिका नाम के दो चक्रवाती तूफानों से ऑस्ट्रेलिया के तटों में भूस्खलन होने की आशंका जताई जा रही है।

- ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमोत्तर तट पर वेरोनिका चक्रवात तथा पूर्वोत्तर तट पर ट्रेवर चक्रवात आया
- ट्रेवर और वेरोनिका हरिकेन और साइक्लोन की तरह ही हैं केवल इनके चक्रण की दिशा वामावर्त के बजाय दक्षिणावर्त है।
- सामान्यतः उत्तरी गोलार्द्ध में चक्रवात की दिशा वामावर्त है, और दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिणावर्त होती है।
- भीषण ऊष्णकटिबंधीय चक्रवात ट्रेवर के कारण बंदरगाह परिचालन बाधित रहा साथ ही विद्युत आपूर्ति भी ठप हो गई।
- इस चक्रवात की गति लगभग 165 किलोमीटर प्रति घंटे आँकी गई है।

water day

गोलन हाइट्स
(Golan Heights)

हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति के बयान के पश्चात् 'गोलन हाइट्स' फिर से चर्चा में आ गया।

- गोलन हाइट्स दक्षिणी-पश्चिमी सीरिया में एक पथरीला पठार है जिसका राजनीतिक और रणनीतिक महत्त्व है।
- इज़राइल ने 1967 के छह दिवसीय युद्ध में इस पर कब्ज़ा कर लिया था।

- इसके पश्चात् एक युद्धविराम रेखा की स्थापना हुई और यह क्षेत्र इज़राइल के सैन्य नियंत्रण में आ गया।
- सीरिया ने 1973 के युद्ध के दौरान गोलन हाइट्स को वापस लेने की कोशिश की किंतु वह सफल नहीं हो पाया।
- दोनों देशों ने 1974 में युद्धविराम पर हस्ताक्षर किये और संयुक्त राष्ट्र का एक पर्यवेक्षक बल 1974 से युद्धविराम रेखा पर ध्यान रखे हुए है।
- 1981 में इज़राइल ने गोलन हाइट्स पर अपने अधिकार की घोषणा की किंतु उसके इस कदम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता नहीं मिली है।

ebanon

अंतर्राष्ट्रीय मैरीटाइम एयरो एक्सपो-2019
International Maritime Aero Expo (LIMA) 2019

लांगकावी अंतर्राष्ट्रीय मैरीटाईम एयरो एक्सपो (LIMA-2019) 26 मार्च, 2019 से 30 मार्च, 2019 तक मलेशिया के लांगकावी में आयोजित किया जाना है।

- भारतीय वायुसेना पहली बार मैरीटाइम एयरो एक्सपो में भाग ले रही है। इस दौरान अपने देश में विकसित एलसीए युद्धक विमान को प्रदर्शित किया जाएगा।
- भारतीय वायुसेना की टीम वायुसेना स्टेशन कलईकुंडा से 22 मार्च, 2019 को रवाना हुई। यह टीम म्यामाँर (यांगून) होते हुए लांगकावी जाएगी।
- LIMA-2019 में भारतीय वायुसेना की भागीदारी से वायुसैनिकों को रॉयल मलेशियाई वायुसेना (RMAF) के वायुसैनिकों से बातचीत करने का अवसर मिलेगा और दोनों देशों की वायुसेनाओं के बीच निकट संपर्क कायम हो सकेगा।
- यह भविष्य में मलेशियाई वायुसेना के साथ किसी प्रकार के संपर्क के लिये एक आधार के रूप में काम करेगा। इससे RMAF को भी एलसीए की क्षमताओं को परखने का एक अवसर मिलेगा।
- भारतीय वायुसेना की खेप में 2 एलसीए, 1 सी-130जे और 1 आईएल-76 के साथ 27 अधिकारी, 42 वायुसैनिक और 11 एचएएल कार्मिक शामिल हैं।

लाइटसेल 2

- लाइटसेल 2 नियंत्रित सौर सेलिंग को प्रदर्शित करने हेतु एक परियोजना है।
- लाइटसेल 2 (LightSail 2) को फ़्लोरिडा, अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर से अप्रैल 2019 में लॉन्च किया जाएगा।

सौर सेलिंग (Solar Sailing) क्या है?

- सौर सेलिंग अंतरिक्षयानों की एक ऐसी प्रस्तावित प्रणोदन प्रणाली है जो सूर्य जैसे विभिन्न तारों द्वारा उत्पन्न विकिरण के प्रयोग से अंतरिक्षयानों को गति प्रदान करेगी।
- सौर सेलिंग प्रणाली से युक्त अंतरिक्षयानों के पास असीमित मात्रा में ईंधन होगा जो उन्हें खगोलीय दूरी पार कराने में सक्षम बना देगा।

- लाइटसेल 2 उन तीन उपग्रहों में से एक है जिन्हें सौर विकिरण का उपयोग करते हुए अंतरिक्षयान को गति देने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिये बनाया गया है।
- इस मिशन को यह देखने के लिये डिज़ाइन किया गया है कि क्या लाइटसेल सूर्य से केवल फोटॉन का उपयोग करके पृथ्वी की उच्च कक्षाओं में जा सकता है।

space